आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

<u>पुरस्कार</u>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में 15 नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार–2025 प्रदान किए। यह पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों की सराहनीय सेवाओं के सम्मान में वर्ष 1973 में इस पुरस्कार को दिए जाने की घोषणा की थी।

<u>मुकेश अग्निहोत्री</u>

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण भारत की तर्ज पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नयना देवी और चामुंडा मंदिर के अलावा बाबा बालक नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में उनकी सुविधा के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है।

<u>नड्डा टीबी बैठक</u>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में तपेदिक और खसरा–रूबेला उन्मूलन पर हुई प्रगति, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत धन के उपयोग की समीक्षा की गई। जे.पी. नड्डा ने बताया कि सौ दिवसीय गहन टीबी. मुक्त भारत अभियान के दौरान लगभग 13 करोड़ लोगों की टीबी के लिए जांच की गई और देशभर में 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की पहचान की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में अधिक से अधिक जन भागीदारी का आह्वान किया।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सकियता से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज सुबह के समय वर्षा हुई है। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ होने से अधिकतर स्थानों पर धूप खिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने आकाशवाणी को बताया कि आगामी चार जून तक प्रदेश भर में मौसम के इसी तरह बने रहने और 31 मई और पहली जून को भारी बारिश के साथ आंधी और ओलावृष्टि का अनुमान है।

<u>*हमारे पास एक वेस्टर्न डिस्टर्बेन्स और साथ में इर्स्टन की हवाएं चल रही हैं और इनके चलते मोईश्चर काफी हिमाचल प्रदेश तक पहुंच रहा है। इसके चलते ये एक्टीविटी हमारे पास हुई और ये एक्टीविटी अभी कुछ दिन चलने के चांसिज़ हैं और कल और परसो में थोड़ा एक दो*</u>

जगह पर हिमाचल प्रदेश में हैवी बारिश होने के भी चांसिस हैं जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है।

सर्वदलीय शिष्टममंडल

आतंकवाद के उन्मूलन के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दुनिया तक पहुंचाने के लिए सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में अपनी आधिकारिक यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाओं में लगे हैं। जे.डी.यू. सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय इंडोनेशिया की यात्रा पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में इंडोनेशिया के थिंक टैंक और शिक्षाविदों के विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ कई बैठकें कीं। प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष के.एच. उलिल अबशार अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अब तक जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि इंडोनेशिया ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन किया है।

अभियान

स्पीति घाटी के कोमिक गांव से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान कृषि विज्ञान केन्द्र ताबो द्वारा चलाया गया है। 12 जून तक चलने वाले इस आउटरीच कार्यक्रम का अतिरिक्त उपायुक्त शिखा सिमतिया ने शुभारम्भ किया। इस 15 दिवसीय अभियान का उद्देश्य दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले किसानों तक वैज्ञानिक ज्ञान और सरकारी योजनाओं को पहुंचाना है। ये पहल केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा समावेशी कृषि विकास सुनिश्चित करने के लिए एक बड़े राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा है।

अस्पताल

केन्द्रीय श्रम व रोज़गार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया कल 31 मई को सिरमौर ज़िले के कालाअंब में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 30 बिस्तरों वाले नवनिर्मित अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर अस्पताल के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। करीब सौ करोड़ रूपए की लागत से बने इस आधुनिक अस्पताल से एक लाख से अधिक लाभार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।